सी. बी. II संख्या 228

लोक-सभा

# सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967

## (संयुक्त समिति का प्रतिवेदन)

(25 मार्च, 1969 को पेश किया गया)

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

मार्च, 1969 / फाल्गुन, 1890 (शक)

मूल्य : 75 पैसे

# विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| संयुक्त समिति की रचना | iii |
| संयुक्त समिति का प्रतिवेदन | . |
| संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में विधेयक | 1 |
| **परिशिष्ट एक—** | |
| विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए लोक सभा में प्रस्ताव | 7 |
| **परिशिष्ट दो—** | |
| राज्य सभा में प्रस्ताव | 8 |
| **परिशिष्ट तीन—** | |
| उन संस्थाओं/व्यक्तियों आदि के नाम दर्शाने वाला विवरण जिन से संयुक्त समिति को ज्ञापन/अभ्यावेदन आदि प्राप्त हुए | 9 |
| **परिशिष्ट चार—** | |
| उन पार्टियों/व्यक्तियों की सूची जिन्होंने संयुक्त समिति के समक्ष साक्ष्य दिया | 10 |
| **परिशिष्ट पांच—** | |
| संयुक्त समिति की बैठकों के कार्यवाही सारांश | 1[illegible] |

## सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 सम्बन्धी संयुक्त समिति

### समिति की रचना

श्री ए० के० सेन—सभापति

**सदस्य**

**लोक-सभा**

2. श्री के० अनिरुद्धन
3. श्री निर्मल चन्द्र चटर्जी
4. श्री आर० आर० सिंह देव
5. श्री देवेन्द्र सिंह
6. श्री अनिरुद्ध दीपा
7. श्री श्रीचन्द गोयल
8. श्री आर० एम० हजरनवीस
9. श्री एस० कण्डप्पन
10. श्री बृज भूषण लाल
*11. श्री बैज नाथ कुरील
12. श्री श्रीनिवास मिश्र
13. श्री ही० ना० मुकर्जी
14. श्री अमृत नाहाटा
15. श्री के० नारायण राव
16. श्री एम० नारायण रेड्डी
17. श्री मुहम्मद यूनस सलीम
18. श्री अ० त्रि शर्मा
19. श्रीमती सावित्री श्याम
20. श्री एम० सेतुरामाने
21. श्री एम० आर० शर्मा
22. श्री नारायण स्वरूप शर्मा
23. श्री विश्वनारायण शास्त्री
24. श्री टी० एम० सेट
25. श्री देवेन्द्र विजय सिंह
26. श्री मुद्रिका सिन्हा
27. श्री जी० विश्वनाथन
28. श्री एस० जेवियर
29. श्री राम सेवक यादव
30. श्री पी० गोविन्द मेनन

---

*श्री माली मरियप्पा के निधन के कारण हुई रिक्तता में 30 जुलाई, 1968 से नियुक्त ।

राज्य सभा

31. श्री शंकरराव बाजीराव बोबडे
32. श्री राम बहादुर सिंह
33. श्री गुलाम हैदर वलिमुहम्मद मोमिन
34. श्री वाई० आदिनारायण रेड्डी
35. श्री कृष्ण कान्त
36. श्री एम० पी० शुक्ल
37. श्री हीरा वल्लभ त्रिपाठी
38. श्री एम० एच० सैमुअल
39. श्री बी० टी० केम्पाराज
**40. श्री चक्रपाणि शुक्ल
41. श्री डाह्याभाई व० पटेल
42. श्री एन० के० शेजवालकर
43. श्री बालकृष्ण गुप्त
44. श्री सी० अच्युत मेनन
45. श्री जी० पी० सोमसुन्दरम ।

## वैधानिक परामर्शदाता

1. श्री वी० एन० भाटिया सचिव, वैधानिक विभाग, विधि मंत्रालय
2. श्री एन० डी० पी० नम्बूदिरीपाद, संयुक्त सचिव, वैधानिक विभाग, विधि मंत्रालय
3. श्री आर० वी० एस० पेरी शास्त्री, अतिरिक्त वैधानिक परामर्शदाता, वैधानिक विभाग, विधि मंत्रालय
4. श्री जी० एन० सक्सेना, सहायक ड्राफ्ट्समेन, राजभाषा (विधायी) आयोग, विधि मंत्रालय

## सचिवालय

श्री मेहर चन्द आवला—उपसचिव ।

---

**सरदार रघबीर सिंह पंजहजारी के स्थान पर, जिन्होंने त्यागपत्र दिया, 13 अगस्त, 1968 को नियुक्त ।

# संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

मैं, दुष्कृति में सरकार के दायित्व की बाबत विधि को परिभाषित और संशोधित करने और उससे संसक्त कतिपय मामलों का उपबन्ध करने के लिए विधेयक* सम्बन्धी संयुक्त समिति की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किये जाने पर, संयुक्त समिति द्वारा संशोधित रूप में विधेयक के साथ उसका प्रतिवेदन पेश करता हूं।

2. यह विधेयक 22 मई, 1967 को लोक सभा में पेश किया गया। विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपने के लिए प्रस्ताव विधि मंत्रालय में उपमंत्री द्वारा 8 मई, 1968 को लोक-सभा में पेश किया गया और उसी दिन स्वीकृत हुआ। (परिशिष्ट एक)

3. राज्य सभा ने उस प्रस्ताव पर 13 मई, 1968 को चर्चा की और उसी दिन प्रस्ताव से सहमत हुई (परिशिष्ट दो)।

4. राज्य सभा से सन्देश लोक-सभा के समाचार भाग 2 दिनांक 16 मई, 1968 में प्रकाशित हुआ।

5. समिति की कुल तेरह बैठकें हुईं।

6. समिति का भावी कार्यक्रम नियत करने के लिए उसकी पहली बैठक 17 मई, 1968 को हुई। समिति ने अपनी बैठक में फैसला किया कि उन संस्थाओं/व्यक्तियों आदि से मौखिक साक्ष्य की सुनवाई की जाय जो समिति के समक्ष अपने विचार रखने के इच्छुक हों और इस प्रयोजनार्थ ज्ञापन आमंत्रित करने के लिए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाय समिति ने यह भी फैसला किया कि विधेयक के उपबन्धों पर टिप्पणियां आमंत्रित करने के लिए सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और बार कौंसिल आफ इंडिया उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की बार एसोसिएशनों, वाणिज्य और उद्योग मण्डलों और अखिल भारतीय प्रतिनिधि मजदूर संघों के संगठनों को परिपत्र जारी किया जाय। सभापति को प्राधिकार दिया गया कि वह संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किये गये ज्ञापनों की जांच कर यह फैसला करे कि समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य देने के लिए उनमें से किस-किस को बुलाया जाय।

7. विभिन्न संस्थाओं/व्यक्तियों आदि से संयुक्त समिति को विधेयक पर 16 ज्ञापन/अभ्यावेदन आदि प्राप्त हुए (परिशिष्ट तीन)।

8. 3 और 4 जुलाई तथा 5, 24, 25 और 26 अक्तूबर, 1968 को हुई समिति की क्रमश: दूसरी, तीसरी, सातवीं से दसवीं बैठकों में समिति ने प्रसिद्ध विधिवेत्ताओं और सम्बद्ध संगठनों द्वारा दिया गया साक्ष्य सुना। (परिशिष्ट चार)।

9. समिति का प्रतिवेदन पांचवें सत्र के पहले सप्ताह के अन्तिम दिन तक पेश किया जाना था। चूंकि ऐसा सम्भव नहीं था, समिति ने 3 जुलाई, 1968 को हुई अपनी दूसरी बैठक में फैसला किया कि प्रतिवेदन पेश करने के लिए समय छठे सत्र के अन्तिम दिन तक बढ़ाये जाने के लिए कहा जाय। आवश्यक प्रस्ताव सभा में पेश किया गया और 22 जुलाई, 1968 को स्वीकृत हुआ। 25 अक्तूबर, 1968 को हुई अपनी नवीं बैठक में समिति ने प्रतिवेदन पेश करने का समय 31 मार्च, 1969 तक अग्रेतर बढ़ाये जाने के लिए कहने का फैसला किया जिसके लिए सभा ने 18 नवम्बर, 1968 को अनुमति दी।

10. समिति ने 11 और 12 फरवरी, 1969 को हुई अपनी ग्यारहवीं और बारहवीं बैठकों में विधेयक पर खण्डवार विचार किया।

11. समिति ने फैसला किया है कि उसके समक्ष दिया गया साक्ष्य मुद्रित करवाया जाय और उसे विस्तृत रूप में दोनों सभाओं के पटलों पर रखा जाय

12. समिति ने यह फैसला भी किया है कि विभिन्न संस्थाओं, निकायों, संगठनों, सरकारी विभागों आदि द्वारा प्रस्तुत किये गये ज्ञापन भी दोनों सभाओं के पटलों पर रखे जाएं और समिति का प्रतिवेदन सभाओं में पेश किये जाने के पश्चात् उन्हें सदस्यों द्वारा देखे जाने के लिए उनकी एक प्रति संसद ग्रन्थालय में रखी जाय।

13. समिति ने 7 मार्च, 1969 को प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया।

---

*भारत के असाधारण राजपत्र, भाग 2, खण्ड 2, दिनांक 22 मई, 1967 में प्रकाशित

14. विधेयक में प्रस्तावित मूल परिवर्तनों के विषय में समिति के विचार निम्नलिखित पैराग्राफों में ब्यौरेवार दिये गये हैं ।

15. **खण्ड 3.**—इस खण्ड का उप-खण्ड (क) (ii) अपने नियोजन के अनुक्रम के बाहर कार्य करते हुए सरकार के किसी कर्मचारी या अभिकर्ता द्वारा दी गई किसी दुष्कृति के सम्बन्ध में सरकार के दायित्व से सम्बन्धित है । विधेयक जिस रूप में पेश किया गया है उसमें उप-खण्ड में यह उपबन्ध है कि ऐसी किसी दुष्कृति के लिए सरकार का दायित्व तभी होगा जब दुष्कृति माना जाने वाला कार्य कर्मचारी या अभिकर्ता ने सरकार की ओर से किया हो और सरकार ने उसका अनुसमर्थन किया हो । समिति का विचार है कि यदि सरकार के किसी कर्मचारी या अभिकर्ता द्वारा कोई दुष्कर्म अपने नियोजन के अनुक्रम के बाद कार्य करते हुए परन्तु सरकार की ओर से किया गया हो तो उस कार्य का सरकार द्वारा अनुसमर्थन करना, जो दुष्कृति के लिए सरकार को उत्तरदायी ठहराने के लिए एक पूर्व-शर्त है, न्यायोचित नहीं होगा । समिति का यह भी विचार है कि ऐसी स्थितियां हो सकती हैं जिनमें सरकार को उसके कर्मचारी या अभिकर्ता द्वारा अपने नियोजन के अनुक्रम के बाहर कार्य करते हुए किये गये किसी कार्य का अनुसमर्थन करने की स्वतन्त्रता होनी चाहिए, यद्यपि ऐसा कार्य कर्मचारी या अभिकर्ता द्वारा सरकार की ओर से न किया गया हो । तदनुसार समिति ने खण्ड 3 के उप-खण्ड (क) (ii) में शब्द 'तथा' के स्थान पर शब्द 'था' रख दिया है ।

खण्ड 3 के उप-खण्ड (ख) (iii) में सरकार द्वारा नियोजित स्वतंत्र ठेकेदार द्वारा किसी भी ऐसी दुष्कृति की बाबत सरकार को उत्तरदायी माना गया है, जहां वह कार्य, जिसके लिए जाने की संविदा की गई हैं, विधिपूर्ण होते हुए भी ऐसी प्रकृति का है कि जब तक कि युक्तियुक्त सतर्कता न बरती जाय, घटनाओं के मामूली अनुक्रम में यह सम्भाव्य है कि वह उसके किए जाने में वैयक्तिक क्षति या सम्पत्ति को नुकसानकारित हो तथा ऐसी सतर्कता नहीं बरती गई है । इस उप-खण्ड के परन्तुक के अनुसार सरकार ठेकेदार के साथ हस्ताक्षर किये जाने वाले संविदे में इस आशय की स्पष्ट शर्त रख कर दायित्व को ठेकेदार पर डाल सकती है । समिति ने देखा है कि यह परन्तुक विधि आयोग की किसी सिफारिश पर आधारित नहीं है । समिति का विचार है कि सरकार और एक स्वतंत्र ठेकेदार के बीच संविदे में शर्त रख कर तीसरे पक्षों के अधिकारों को प्रभावित करना सिद्धान्त रूप से सही नहीं है और कि इस परन्तुक के कारण एक गैर-सरकारी व्यक्ति की अपेक्षा, जो कार्य एक स्वतंत्र ठेकेदार को सौंपता है, सरकार की स्थिति अधिक अच्छी होगी । तदनुसार समिति ने खण्ड 3 के उप-खण्ड (ख) (iii) का परन्तुक हटा दिया है

16. **खण्ड 11.**—उप-खण्ड (च)—इसमें संशोधन लघु प्रकार का है और यह विधेयक पेश किये जाने के पश्चात् के घटनाचक्रों के कारण आवश्यक हुआ है ।

इस खण्ड के उप-खण्ड (i) में उपबन्ध है कि शांति भंग होने अथवा सार्वजनिक शांति भंग होने अथवा दंगे अथवा बलवे होने से रोकने या उसे दबाने के लिए अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति के विरुद्ध किन्हीं अपराधों को रोकने के लिए पुलिस बल के सदस्यों और कतिपय अन्य लोक सेवकों द्वारा किये गये कार्यों के सम्बन्ध में सरकार उत्तरदायी नहीं होगी । समिति का विचार है कि दायित्व से ऐसी विमुक्ति के लिए उपरोक्त प्रयोजनों के लिए केवल सदभाव से किये गये कार्यों के सम्बन्ध में उपबन्ध किया जाना चाहिए । समिति ने तदनुसार इस खण्ड में संशोधन किया है ।

17. **खण्ड 1 तथा पूरा नाम.**—इसमें संशोधन औपचारिक स्वरूप के हैं ।

18. संयुक्त समिति सिफारिश करती है कि विधेयक को, संशोधित रूप में, पास किया जाय ।

**नई दिल्ली;**
7 मार्च, 1969

**निर्मल चन्द्र चटर्जी,**
कार्यकारी सभापति,
**संयुक्त सचिब**

1967 का विधेयक संख्या 43

# सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967

(जैसा कि संयुक्त समिति द्वारा रिपोर्ट किया गया)

(जिन शब्दों के नीचे रेखायें लगी हैं वे समिति द्वारा सुझाये गये संशोधन उपदर्शित करते हैं और तारक चिन्ह लोप उपदर्शित करते हैं)

दुष्कृति में सरकार के दायित्व की बाबत विधि को परिभाषित और संशोधित करने और उससे संसक्त कतिपय मामलों का उपबन्ध करने के लिये विधेयक

भारत गणराज्य के बीसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो—

1. (1) यह अधिनियम सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) अधिनियम, 1969 कहा जा सकेगा। संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ।

(2) इसका विस्तार जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जिसे केन्द्रीय सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,— परिभाषाएं।

(क) सरकार के सम्बन्ध में "अभिकर्ता" से (सरकार के कर्मचारी से भिन्न) ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो सरकार के लिए कोई कार्य करने के लिए नियोजित होते हुए उस कार्य को करने में सरकार के आदेश या नियंत्रण के अधीन है;

(ख) "सरकार का कर्मचारी" से कोई भी वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो—

(i) संघ की प्रतिरक्षा सेवा या सिविल सेवा का या अखिल भारतीय सेवा का सदस्य है, या प्रतिरक्षा से संसक्त कोई पद या संघ के अधीन कोई सिविल पद धारण करता है; अथवा

(ii) किसी राज्य की सिविल सेवा का सदस्य है, या किसी राज्य के अधीन कोई सिविल पद धारण करता है;

(ग) इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित किसी दायित्व के सम्बन्ध में "सरकार" से अभिप्रेत है—

(i) जहां दुष्कृति सरकार के कर्मचारी द्वारा, जब कि वह संघ के कार्यकलाप के संसग में कार्य कर रहा हो, या केन्द्रीय सरकार द्वारा नियोजित अभिकर्ता या स्वतन्त्र ठेकेदार द्वारा की जाती है, वहां केन्द्रीय सरकार;

(ii) जहां दुष्कृति सरकार के कर्मचारी द्वारा, जब कि वह किसी राज्य के कार्यकलाप के संसंग में काम कर रहा हो, या राज्य सरकार द्वारा नियोजित अभिकर्ता या स्वतन्त्र ठेकेदार द्वारा की जाती है, वहां राज्य सरकार;

(घ) सरकार के सम्बन्ध में "स्वतन्त्र ठेकेदार" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो सरकार के लिए कोई कार्य करने की संविदा करता है किन्तु जो उस कार्य को करने में सरकार के आदेश या नियंत्रण के अधीन नहीं है ।

सरकार का दुष्कृति में दायित्व ।

3. इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन यह है कि सरकार किसी भी ऐसी दुष्कृति की बाबत दायी होगी, जो—

(क) सरकार के कर्मचारी द्वारा या सरकार द्वारा नियोजित अभिकर्ता द्वारा तब की गई हो,—

(i) जब वह अपने नियोजन के अनुक्रम में कार्य कर रहा हो; अथवा

(ii) जब वह अपने नियोजन के अनुक्रम के बाहर कार्य कर रहा हो, यदि उस दुष्कृति को गठित करने वाला कार्य कर्मचारी द्वारा या अभिकर्ता द्वारा सरकार की ओर से किया गया था या सरकार द्वारा अनुसमर्थित किया जा चुका है;

(ख) सरकार द्वारा नियोजित स्वतन्त्र ठेकेदार द्वारा, या उसके सेवकों या श्रमिकों में से किसी के द्वारा उस कार्य को करने में, जिसके सरकार के लिए किए जाने की संविदा की गई हो, निम्नलिखित दशाओं में से किसी दशा में (और किसी भी अन्य दशा में नहीं) की गई है, अर्थात्—

(i) जहां सरकार उस कार्य का नियंत्रण ग्रहण कर लेती है जिसको करने के लिए स्वतन्त्र ठेकेदार द्वारा संविदा की गई है;

(ii) जहां सरकार स्वतंत्र ठेकेदार के उस कार्य को प्राधिकृत या अनुसमर्थित कर देती है जिससे वह दुष्कृति गठित होना अभिकथित है;

(iii) जहां वह कार्य, जिसके किए जाने की संविदा की गई है, विधिपूर्ण होते हुए भी ऐसी प्रकृति का है कि जब तक कि युक्तियुक्त सतर्कता न बरती जाए, घटनाओं के मामूली अनुक्रम में यह सम्भाव्य है कि वह उसके किए जाने में वैयक्तिक क्षति या सम्पत्ति को नुकसान कारित हो तथा ऐसी सतर्कता नहीं बरती गई है;

* * * *

(iv) जहां सरकार उस कार्य को स्वयं करने के लिए विधिक बाध्यता के अधीन है;

(V) जहां कोई तत्समय-प्रवृत्त-विधि, सरकार पर उस कार्य को करने में जिसके किए जाने की संविदा की गई है व्यक्तियों या सम्पत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आत्यन्तिक कर्त्तव्य अधिरोपित करती है और उस कर्त्तव्य के अनुपालन में असफलता हुई है ।

स्थावर सम्पत्ति के स्वामी या अधिभोगी के रूप में सरकार का दुष्कृति में दायित्व ।

4. जहां सरकार किसी स्थावर सम्पत्ति की स्वामी है, या किसी स्थावर सम्पत्ति पर क़ब्जा या अधिभोग रखती है, या उस पर नियंत्रण करती है, वहां सरकार उस कर्त्तव्य के किसी भंग की बाबत जो ऐसी सम्पत्ति के स्वामित्व, क़ब्जा, अधिभोग या नियंत्रण से विधि द्वारा संलग्न हो, उसी प्रकार और उसी विस्तार तक दायी होगी जैसे कि पूर्ण वय और सामर्थ्य वाला प्राइवेट व्यक्ति;

परन्तु जहां ऐसी कोई सम्पत्ति विधि के किसी ऐसे नियम के आधार पर सरकार में निहित होती है, जो सरकार के कार्यों या आशयों पर आश्रित हुए बिना स्वयं प्रवृत्त होता है, वहां सरकार इस धारा के आधार पर केवल इस कारण से कि सम्पत्ति ऐसे निहित हुई है, दुष्कृति में किसी दायित्व के अधीन नहीं होगी, किन्तु इस धारा में उपबन्ध सरकार के तदधीन उस दायित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेंगे जो किसी कालावधि के बारे में हो जो उस समय के पश्चात् की हो जब कि सरकार ने या सरकार के लिए कार्य करने वाले किसी व्यक्ति ने ऐसी किसी सम्पत्ति का क़ब्जा या नियंत्रण वास्तव में ले लिया हो, या उसे अपने अधिभोग में ले लिया हो ।

खतरनाक वस्तुओं के बाहर निकल पड़ने की बाबत दुष्कृति में सरकार का दायित्व ।

5. किसी ऐसी खतरनाक वस्तु से जो सरकार के क़ब्जे में है, या जिस पर सरकार नियंत्रण करती है, कारित किसी भी वैयक्तिक क्षति या सम्पत्ति को किसी हानि की बाबत सरकार उसी रीति से और उसी विस्तार तक दायी होगी जैसे कि पूर्ण वय और सामर्थ्य वाला प्राइवेट व्यक्ति वैसी ही, परिस्थितियों में दायी होता, यदि वह ऐसी वस्तु पर क़ब्जा रखता या नियंत्रणकरता होता ।

अपने कर्मचारियों के प्रति कर्तव्यों के भंग के विषय में सरकार का दायित्व ।

6. सरकार दुष्कृति में उन सब दायित्वों के अधीन होगी, जिनके अधीन वह, यदि वह पूर्ण वय और सामर्थ्य वाला प्राइवेट व्यक्ति होती, तो उन कर्तव्यों के भंग के विषय में होती, जो किसी व्यक्ति के अपने सेवकों या अभिकर्ताओं के प्रति किसी तत्समय-प्रवृत्त-विधि के अधीन उनका नियोजक होने के कारण हों;

परन्तु किन्हीं ऐसे कर्तव्यों के भंग से कारित किसी वैयक्तिक क्षति या सम्पत्ति को किसी नुकसान के बारे में सरकार के किसी कर्मचारी को या सरकार द्वारा विनियोजित किसी अभिकर्ता को प्रतिकर अधिनिर्णीत करने में न्यायालय किसी अन्य तत्समय-प्रवृत्त विधि के अधीन ऐसे कर्मचारी या अभिकर्ता को, चाहे निःशक्तता फायदे के रूप में चाहे प्रतिकर के रूप में या अन्यथा, सरकार द्वारा दी गई या देने के लिए अपेक्षित रकम, यदि कोई हो, ध्यान में रखेगा ।

दायित्व की मात्रा विषयक कानूनी सीमाओं का सरकार के विरुद्ध दावों को भी लागू होना ।

7. कोई अधिनियमिति जो सरकार के कर्मचारी या सरकार द्वारा नियोजित अभिकर्ता की ऐसे कर्मचारी या अभिकर्ता द्वारा दी गई किसी दुष्कृति की बाबत दायित्व की मात्रा को नकारित या सीमित करती है. ऐसी दुष्कृति की बाबत इस अधिनियम के अधीन सरकार के विरुद्ध की गई किसी कार्यवाही की दशा में सरकार के सम्बन्ध में उसी प्रकार लागू होगी जिस प्रकार कि वह ऐसे कर्मचारी या अभिकर्ता को लागू हुई होती, यदि सरकार के विरुद्ध की गई कार्यवाही उस कर्मचारी या अभिकर्ता के विरुद्ध की गई कार्यवाही होती ।

सरकार को उपलभ्य प्रतिरक्षाएं ।

8. इस अधिनियम के अधीन सरकार के विरुद्ध की गई किसी भी कार्यवाही में, सरकार प्रतिरक्षा के तौर पर उन अभिवाकों को उठाने की हक़दार होगी जो प्राइवेट व्यक्ति विधि के अधीन उठाने का हक़दार होता, यदि ऐसा ही वाद ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध संस्थित किया गया होता ।

क्षतिपूर्ति और अभिदाय ।

9. जहां कि इस अधिनियम के आधार पर सरकार दुष्कृति में किसी दायित्व के अधीन है वहां क्षतिपूर्ति और अभिदाय से सम्बन्धित कोई विधि किसी ऐसे दायित्व के बारे में जिसके अधीन वह ऐसे हैं, सरकार द्वारा या सरकार के विरुद्ध ऐसे प्रवर्तनीय होगी, मानो सरकार पूर्ण वय और सामर्थ्य वाली प्राइवेट व्यक्ति हो ।

संघ के सशस्त्र बलों और पुलिस बलों के बारे में विशेष उपबन्ध ।

10. (1) संघ के सशस्त्र बलों के किसी सदस्य द्वारा जब वह उस हैसियत में कर्तव्यारूढ़ हो, या पुलिस बल के किसी सदस्य द्वारा जब वह उस हैसियत में कर्तव्यारूढ़ हो, किया गया कोई कार्य, उसको या सरकार को, किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु कारित करने के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को वैयक्तिक क्षति कारित करने के लिए दुष्कृति में दायित्व के अधीन वहां तक नहीं करेगा जहां तक कि वह मृत्यु या वैयक्तिक क्षति ऐसे किसी बात के कारण हो जो उस अन्य व्यक्ति द्वारा उस समय सहन की गई हो जब कि वह संघ के सशस्त्र बलों का सदस्य अथवा, यथास्थिति, पुलिस बल का सदस्य हो, यदि—

(क) उस समय जब कि उस अन्य व्यक्ति द्वारा वह बात सहन की गई है, वह संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य की हैसियत में या पुलिस बल के सदस्य की हैसियत में कर्तव्यारूढ़ है या यद्यपि कर्तव्यारूढ़ नहीं है तो भी किसी ऐसी भूमि, परिसर, पोत, वायुयान या यान पर हो जो उस समय संघ के सशस्त्र बलों के प्रयोजनों के लिए या, यथास्थिति, पुलिस बल के प्रयोजनों के लिए काम में लाया जा रहा है ; और

(ख) सरकार यह प्रमाणित करे कि उसका उस बात को सहन करना उस बल के, जिसका कि वह सदस्य है, सदस्यों की मृत्यु या निःशक्तता विषयक किसी विधि या स्कीम के अधीन किसी परितोष का हकदार बनाने के प्रयोजनों के लिए सेवा से सम्बन्धित माना गया है या माना जाएगा ।

परन्तु यह उपधारा संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य को या पुलिस बल के सदस्य को दुष्कृति में दायित्व से किसी ऐसे मामले में छूट नहीं देगी, जिसमें न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि वह कार्य उन बलों या उस बल के सदस्य के नाते उसके कर्तव्यों में निष्पादन से संसक्त नहीं था ।

(2) संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य या पुलिस बल के सदस्य द्वारा सहन की गई किसी बात के कारण मृत्यु या वैयक्तिक क्षति के लिए सरकार के विरुद्ध दुष्कृति के लिए कोई कार्यवाही न होगी, यदि—

(क) वह बात उसके द्वारा उपर्युक्त जैसी किसी भूमि, परिसर, पोत, वायुयान या यान की प्रकृति या दशा के परिणामस्वरूप या उन बलों या उस बल के प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किसी सज्जा या प्रदायों की प्रकृति या दशा के परिणामस्वरूप सहन की गई है ; तथा

(ख) सरकार पूर्ववर्ती उपधारा में यथावर्णित प्रमाणित करे ;

और न सरकार के कर्मचारी का कोई कार्य उसको मृत्यु या वैयक्तिक क्षति के लिए दुष्कृति में दायित्व के अधीन वहां तक करेगा जहां तक कि वह मृत्यु या वैयक्तिक क्षति संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य द्वारा या पुलिस बल के सदस्य द्वारा सहन की गई किसी ऐसी बात के कारण हो, जिसके बारे में उपर्युक्त शर्तें पूरी होती हों ।

(3) सरकार या सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत आफिसर यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि यह तथ्य है कि—

(क) कोई व्यक्ति किसी विशिष्ट अवसर पर संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य की हैसियत में या पुलस बल के सदस्य की हैसियत में कर्तव्य रूढ़ था या नहीं था ; अथवा

(ख) किसी विशिष्ट समय पर कोई भूमि, परिसर, पोत, वायुयान, यान, सज्जा या प्रदाय उन बलों के या उस बल के प्रयोजनों के लिए काम में लाए जाते थे या नहीं लाए जाते थे,

एक प्रमाणपत्र उसका तथ्य होना प्रमाणित करते हुए जारी कर सकेगा और कोई ऐसा प्रमाणपत्र इस धारा के प्रयोजनों के लिए उस तथ्य के बारे में निश्चायक होगा जिसे प्रमाणित किया गया है।

(5) इस धारा में "सरकार" शब्द से अभिप्रेत है,—

(क) संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य के या केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुरक्षित पुलिस बल के सदस्य के सम्बन्ध में, केन्द्रीय सरकार;

(ख) किसी राज्य सरकार द्वारा अनुरक्षित पुलिस बल के सदस्य के सम्बन्ध में, वह राज्य सरकार।

11. इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट कोई बात निम्नलिखित के बारे में सरकार को दायी नहीं बनाएगी— व्यावृत्तियां।

(क) कोई राज्य-कार्य;

(ख) संविधान की सप्तम अनुसूची में प्रथम सूची की प्रविष्टियों 10, 11, 12, 13, 14, 15, और 16 में प्रगणित मामलों में से किसी के सम्बन्ध में अपने कृत्यों के निर्वहन में सरकार द्वारा किया गया कोई कार्य;

(ग) संसद् के सदनों का आह्वान करने और उनका सत्रावसान करने, लोक सभा का विघटन करने, किसी विधेयक के लिए अनुमति देने या अनुमति विधारित करने, किसी विधेयक को सदनों को उस विधेयक पर या उसके किन्हीं विनिर्दिष्ट उपबन्धों पर पुनर्विचार करने के लिए लौटाने, या संविधान के अधीन कोई उद्घोषणा जारी करने के संबन्ध में भारत के राष्ट्रपति द्वारा अपने पद की शक्तियों के प्रयोग और कर्तव्यों के पालन में किया गया कोई भी कार्य;

(घ) राज्य के विधान मण्डल के सदन या सदनों का आह्वान करने, या उसका या उनका सत्रावसान करने, विधान सभा का विघटन करने, किसी विधेयक के लिए अनुमति देने या अनुमति विधारित करने, राष्ट्रपति के विचार के लिए किसी विधेयक को आरक्षित करने, या किसी विधेयक को सदन या सदनों को उस विधेयक पर या उसके किन्हीं विनिर्दिष्ट उपबन्धों पर पुनर्विचार करने के लिए लौटाने के सम्बन्ध में किसी राज्य के राज्यपाल द्वारा अपने पद की शक्तियों के प्रयोग और कर्त्तव्यों के पालन में किया गया कोई कार्य;

(ङ) संविधान के अधीन जारी की गई उद्घोषणा के अधीन किया गया कोई कार्य;

1947 का 16
1968 का 34

(च) शत्रु से व्यापार (आपाती उपबन्धों का चालू रहना) अधिनियम, 1947 या शत्रु-सम्पत्ति अधिनियम, 1968 के द्वारा या अधीन प्राधिकृत कोई भी कार्य;

(छ) सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण के या निपुणता के अनुरक्षण के प्रयोजन के लिए संघ में निहित शक्तियों के प्रयोग में किया गया कोई भी कार्य;

(ज) संघ के सशस्त्र बलों के सदस्य द्वारा सक्रिय सेवा पर रहते हुए किया गया कोई कार्य;

(झ) कोई कार्य जो शांति के भंग को या लोक प्रशांति में विघ्न को या बलवे या दंगे को निवारित करने या दबाने के लिए या लोक सम्पत्ति के विरुद्ध किन्हीं अपराधों को निवारित करने के लिए——

(i) पुलिस बल के किसी सदस्य द्वारा, अथवा

(ii) किसी ऐसे लोक सेवक द्वारा, जिसका यह कर्तव्य है कि वह किसी क्षेत्र या स्थान में शांति और व्यवस्था बनाए रखे या जो किसी क्षेत्र या स्थान के सम्बध में गारद, संतरी, पेट्रोल, पहरा और निगरानी या अन्य ऐसे ही कर्तव्य में लगा हुआ है,

सद्भावपूर्वक किया गया है ;

(ञ) किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट या अन्य व्यक्ति द्वारा किया गया या किया जाने को आदिष्ट कोई भी कार्य, जब कि वह अपने में निहित न्यायिक प्रकृति के किन्हीं उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहा हो या निर्वहन करने का तात्पर्य रखता हो;

(ट) अपने में निहित न्यायिक प्रकृति के उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए या निर्वहन करने का तात्पर्य रखते हुए किसी भी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट या अन्य व्यक्ति के विधिपूर्ण वारन्टों या आदेशों के निष्पादन के संसंग में ऐसे व्यक्ति द्वारा जो उन वारन्टों या आदेशों का निष्पादन करने के लिए आबद्ध हो, किया गया कोई कार्य;

(ठ) कोई ऐसा कार्य जिसको भारतीय तार अधिनियम, 1885, भारतीय डाक घर अधिनियम, 1898, या किसी अन्य तत्समयप्रवृत्त अधिनियमिति के अधीन उन्मुक्ति अनुदत्त हो; 1885 का 13 1898 का 6

(ड) कोई कार्य जिसके बारे में भारतीय रेल अधिनियम, 1890 के अधीन या किसी अन्य तत्समय-प्रवृत्त अधिनियमिति के अधीन उपचार उपबन्धित हैं; 1890 का 9

(ढ) ऐसे कार्य द्वारा कारित कोई वैयक्तिक क्षति या सम्पत्ति को कोई नुकसान जिसका अपनी प्रकृति से ही ऐसी क्षति या नुकसान कारित करना घटनाओं के मामूली अनुक्रम में संभाव्य हो, यदि उस कार्य को करना किसी तत्समय-प्रवृत्त अधिनियमिति द्वारा प्राधिकृत हो;

(ण) मानहानि, विद्वेषपूर्ण अभियोजन या विदेषपूर्ण गिरफ्तारी से उद्भूत कोई दावाई

(त) किसी भी करन्तीन विधि के प्रवर्तन से उद्भूत कोई दावा;

(थ) विदेश में उद्भूत कोई दावा।

लम्बित कार्यवाहियां।

12. इस अधिनियम के उपबन्ध सरकार के द्वारा या विरुद्ध की गई किन्हीं ऐसी कार्यवाहियों पर प्रभाव नहीं डालेंगे, जो इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व संस्थित की गई हैं और ऐसी कार्यवाहियों को इस तरह निपटाया जाएगा, मानो यह अधिनियम पारित नहीं हुआ था।

1855 के अधिनियम 13 का संशोधन

13. प्राणान्तक दुर्घटना अधिनियम, 1855, में धारा 4 में 'शब्द "व्यक्ति" राजनीतिक और निगमित निकायों को लागू होगा' शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :——

'शब्द "व्यक्ति" राजनीतिक और निगमित निकायों और सरकार को लागू होगा।'

# परिशिष्ट 1

(देखिये प्रतिवेदन का पैरा 2)

**विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपने के लिये लोक-सभा में प्रस्ताव**

"कि दुष्कृति में सरकार के दायित्व की बाबत विधि को परिभाषित और संशोधित करने और उससे संसक्त कतिपय मामलों का उपबन्ध करने वाले विधेयक को दोनों सभाओं की 45 सदस्यों की एक संयुक्त समिति को सौंपा जाये जिसमें इस सभा के 30 सदस्य, अर्थात् श्री के० अनिरुधन, श्री नि० चं० चटर्जी, श्री रा० रा० सिंह देव, श्री देविन्दर सिंह, श्री अनिरुद्ध दीपा, श्री श्रीचन्द गोयल, श्री आर० एम० हजरनवीस, श्री एस० कण्डप्पन, श्री बृज भूषण लाल, श्री माली मरियप्पा, श्री श्रीनिवास मिश्र, श्री ही० ना० मुखर्जी, श्री अमृत नाहाटा, श्री के० नारायण राव, श्री एम० नारायण रेड्डी, श्री मुहम्मद यूनस सलीम, श्री अ० प्रि० शर्मा, श्रीमती सावित्री श्याम, श्री अ० कु० सेन, श्री एन० सेतुरामाने, श्री एम० आर० शर्मा, श्री नारायण स्वरूप शर्मा, श्री विश्वनारायण शास्त्री, श्री टी० एम० सेठ, श्री देवेन्द्र विजय सिंह, श्री मुद्रिका सिन्हा, श्री जी० विश्वनाथन, श्री एम० जेवियर, श्री राम सेवक यादव, श्री पी० गोविन्द मेनन और राज्य सभा के 15 सदस्य हों;

कि संयुक्त समिति की बैठक गठित करने के लिए गणपूर्ति संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई होगी;

कि समिति इस सभा को अगले सत्र के पहले सप्ताह के अन्तिम दिन तक प्रतिवेदन देगी;

कि अन्य बातों में संसदीय समितियों पर लागू होने वाले इस सभा के प्रक्रिया नियम ऐसे परिवर्तनों और रूपभेदों के साथ लागू होंगे जो अध्यक्ष करें; और

कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा उक्त संयुक्त समिति में सम्मिलित हो और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति में नियुक्त किये जाने वाले 15 सदस्यों के नाम इस सभा को बताये।"

# परिशिष्ट 2

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 3)

**राज्य सभा में प्रस्ताव**

"कि यह सभा लोक सभा की इस सिफारिश से सहमति प्रकट करती है कि राज्य सभा दुष्कृति में सरकार के दायित्व की बाबत विधि को परिभाषित और संशोधित करने और उससे संसक्त कतिपय मामलों का उपबन्ध करने वाले विधेयक सम्बन्धी दोनों सभाओं की संयुक्त समिति में सम्मिलित हो और संकल्प करती है कि राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को उक्त संयुक्त समिति में कार्य करने के लिए नाम-निर्दिष्ट किया जाये :--

1. श्री एस0 बी0 बोबडे
2. श्री राम बहादुर सिंह
3. श्री गुलाम हैदर वली मुहम्मद मोमिन
4. श्री वाई0 आदिनारायण रेड्डी
5. श्री कृष्ण कान्त
6. श्री एम0 पी0 शुक्ल
7. श्री हीरा वल्लभ त्रिपाठी
8. श्री एम0 एच0 सैमुअल
9. श्री बी0 टी0 कैम्पाराज
10. सरदार रघुबीर सिंह पंजहजारी
11. श्री डाह्या भाई वी0 पटेल
12. श्री एन0 के0 शेजवालकर
13. श्री बाल कृष्ण गुप्त
14. श्री सी0 अच्युत मेनन
15. श्री जी0 पी0 सोमसुन्दरम ।"

## परिशिष्ट 3

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 7)

**उन संस्थाओं व्यक्तियों आदि के नाम बताने वाला विवरण जिनसे संयुक्त समिति को ज्ञापन/अभ्यावेदन आदि प्राप्त हुए**

| क्रमांक | जिस से प्राप्त हुआ | की गई कार्यवाही |
| --- | --- | --- |
| 1. | इंडियन प्रोड्यूस संस्था, कलकत्ता | सदस्यों को भेजा गया तथा 3-7-68 को साक्ष्य लिया गय। |
| 2. | उच्चतम न्यायालय विधि संस्था, नई दिल्ली | सदस्यों को भेजा गया तथा 3-7-68 को साक्ष्य लिया गया। |
| 3. | अखिल भारतीय अनाज विक्रेता संस्थाओं का महासंघ, नई दिल्ली | सदस्यों को भेजा गया तथा 4-7-68 को साक्ष्य लिया गया। |
| 4. | नाग विदर्भ वाणिज्य मंडल, नागपुर | सदस्यों को भेजा गया। |
| 5. | उत्तर प्रदेश विधि परिषद् इलाहाबाद | सदस्यों को भेजा गया। |
| 6. | दिल्ली हिन्दुस्तानी वाणिज्य संस्था, दिल्ली | सदस्यों को भेजा गया। |
| 7. | निगमित विधि संस्था, कलकत्ता | तदेव |
| 8. | भारतीय वाणिज्य मंडल, कलकत्ता | तदेव |
| 9. | बिहार सरकार | तदेव |
| 10. | नागालैंड सरकार | तदेव |
| 11. | मध्य प्रदेश सरकार | तदेव |
| 12. | मैसूर सरकार | तदेव |
| 13. | महाराष्ट्र सरकार | तदेव |
| 14. | केरल सरकार | तदेव |
| 15. | राजस्थान सरकार | तदेव |
| 16. | पांडिचेरी सरकार | तदेव |

## परिशिष्ट 4

(देखिये प्रतिवेदन का पैरा 8)

**उन दलों/व्यक्तियों की सूची जिन्होंने संयुक्त समिति के समक्ष साक्ष्य दिया**

| क्रमांक | पार्टियों के नाम | जिन तारीखों को साक्ष्य लिया गया |
|---|---|---|
| 1. | इंडियन प्रोड्यूस एसोसियेशन, कलकत्ता | 3 जुलाई, 1968 |
| 2. | उच्चतम न्यायालय विधि संस्था, नई दिल्ली | 3 जुलाई, 1968 |
| 3. | अखिल भारतीय अनाज विक्रेता संस्था का महासंघ, नई दिल्ली | 4 जुलाई, 1968 |
| 4. | निम्नलिखित के प्रतिनिधि<br>(एक) रेलवे मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)<br>(दो) गृह-कार्य मंत्रालय<br>(तीन) वाणिज्य मंत्रालय<br>(चार) वित्त मंत्रालय<br>} इकट्ठे बुलाये गये | 5 अक्तूबर, 1968 |
| 5. | श्री ए0 ए0 अंसारी, प्रतिकुलपति, उसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद | 24 अक्तूबर, 1968 |
| 6. | श्री एम0 सी0 सीतलवाद, संसद् सदस्य | 24 अक्तूबर, 1968 और 26 अक्तूबर, 1968 |
| 7. | श्री के0 एल0 मिश्र, महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश | 25 अक्तूबर, 1968 |
| 8. | श्री पुरुषोत्तम त्रिकमदास, प्रवर अधिवक्ता, भारत का उच्चतम न्यायालय | 26 अक्तूबर, 1968 |
| 9. | श्री सी0 के0 दफ्तरी, भारत के महान्यायवादी | 26 अक्तूबर, 1968 |

## परिशिष्ट 5

**सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 सम्बन्धी संयुक्त समिति की बैठकों के कार्यवाही—सारांश**

### 1 प्रथम बैठक

समिति की बैठक शुक्रवार, 17 मई, 1968 को 11—00 से 11—45 बजे तक हुई।

### उपस्थित

श्री एम० एच० सैमुग्रल—पीठासीन

### सदस्य

**लोक-सभा**

2. श्री के० ग्रनिरुधन
3. श्री ग्रनिरुद्ध दीपा
4. श्री श्रीचन्द गोयल
5. श्री ग्रार० एम० हजरनवीस
6. श्री श्रीनिवास मिश्र
7. श्री ग्रमृत नाहाटा
8. श्री के० नारायण राव
9. श्री एम० नारायण रेड्डी
10. श्रीमती सावित्री श्याम
11. श्री एम० ग्रार० शर्मा
12. श्री नारायण स्वरूप शर्मा
13. श्री टी० एम० सेठ
14. श्री मुद्रिका सिन्हा

**राज्य सभा**

15. श्री राम बहादुर सिंह
16. श्री कृष्ण कान्त
17. श्री एम० पी० शुक्ल
18. श्री हीरा वल्लभ त्रिपाठी
19. श्री बी० टी० केम्पराज
20. श्री डाह्या भाई वी० पटेल
21. श्री बाल कृष्ण गुप्त

**वैधानिक परामर्शदाता**

श्री आर० वी० एस० पेरी शास्त्री —**वैधानिक उप-परामर्शदाता, विधि मंत्रालय**

**सचिवालय**

श्री मेहर चन्द चावला—**उप-सचिव**

2. समिति के सभापति श्री अ० कु० सेन के अनुपस्थित होने के कारण श्री एम० एच० सैम्युल को नियम 258(3) के अन्तर्गत बैठक के सभापति के रूप में कार्य करने के लिये निर्वाचित किया गया।

3. थोड़ी चर्चा के पश्चात् समिति ने सार्वजनिक निकायों, संगठनों तथा संस्थाओं से विधेयक पर 30 जून, 1968 तक ज्ञापन आमंत्रित करने के लिए एक प्रैस विज्ञप्ति (परिशिष्ट 1) जारी करने का निश्चय किया।

4. समिति ने निम्नलिखित पत्र जारी करने का भी निश्चय किया :—

(क) सभी राज्य सरकारों / संघ-राज्य-क्षेत्र की सरकारों के मुख्य सचिवों को एक परिपत्र (परिशिष्ट 2) ; और

(ख) केन्द्र तथा राज्यों में बार काउन्सिलों और उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों की बार एसोसियेशनों, वाणिज्य तथा उद्योग मण्डलों और अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले मजदूर संघों के संगठनों को एक परिपत्र (परिशिशष्ट 3)

5. समिति ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि विधि मंत्रालय उसके पास एक टिप्पणी भेजे जिसमें निम्नलिखित जानकारी दी जाये :—

(क) भारत में दुष्कृति में राज्य के दायित्व के बारे में वर्तमान स्थिति ;

(ख) क्राउन प्रोसीडिंग्स एक्ट, 1947 बनाने के बाद ब्रिटेन में स्थिति में हुए परिवर्तनों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए ब्रिटेन तथा अन्य देशों की तुलनात्मक स्थिति ;

(ग) दुष्कृति सम्बधी वर्तमान स्थिति में किस सीमा तक रुपभेद करने का विधेयक में प्रस्ताव है ;

(घ) इस बारे में विधि आयोग की सिफारिशों को किस सीमा तक विधेयक में शामिल नहीं किया गया है ;

(ङ) 'दुष्कृति' शब्द का अभिप्राय ; और

(च) श्रीमती विद्यावती और श्री रुलिया राम के मामलों में उच्चतम न्यायालय के विनिर्णयों का सारांश और इन विनिर्णयों में उठाई गई बातों को यह विधेयक किस हद तक पूरा करता है।

6. समिति ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि उसे निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध किये जायें :—

(एक) दुष्कृति में राज्य के दायित्व के बारे में विधि आयोग का प्रतिवेदन।

(दो) अद्यतन संशोधित रूप में ब्रिटेन का क्राउन प्रेसीडिंग्स एक्ट, 1947

(तीन) राजस्थान सरकार बनाम श्रीमती विद्यावती के मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला—1962—अनुपूरक 2 एस० सी० आर० 987

(चार) रुलिया राम बनाम उत्तर प्रदेश के मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला—1965, 1 एस० सी० ए० 809

विधि मंत्रालय के प्रतिनिधि ने टिप्पणी और उपरोक्त दस्तावेज देने का वचन दिया।

7. समिति ने सभापति श्री अ०कु० सेन को प्राधिकृत किया कि वह मौखिक साक्ष्य के लिए पक्षों का चयन उनसे लिखित ज्ञापन प्राप्त हो जाने के बाद करें।

8. समिति ने निश्चय किया कि मौखिक साक्ष्य सुनने के लिए उसकी बैठकें 3 जुलाई से लेकर 6 जुलाई, 1968 तक प्रतिदिन 10—00 बजे से होंगी।

8. तत्पश्चात समिति स्थगित हुई।

---

## अनुबन्ध एक

### लोक-सभा सचिवालय

### प्रेस विज्ञप्ति

सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 सम्बन्धी संसद् की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति ने आज अपनी बैठक में यह निर्णय किया कि जो सार्वजनिक निकाय, संगठन और संस्थाएं समिति के विचारार्थ विधेयक पर ज्ञापन भेजना चाहती हों वे उन्हें 30 जून, 1968 को अथवा उससे पहले सचिव, लोक-सभा, संसद् भवन, नई दिल्ली को भेज दें। यदि सम्भव हो तो ऐसे ज्ञापनों की 60 प्रतियां भेजी जायें तो अच्छा होगा। जो ज्ञापन समिति को भेजा जायेगा वह समिति के रिकार्ड का भाग होगा और उसे बिलकुल गोपनीय रखा जाना चाहिए, और किसी को परिचालित नहीं किया जाना चाहिए चूंकि इस प्रकार की कार्यवाही समिति का विशेषाधिकार भंग करना मानी जायेगी।

2. जो व्यक्ति ज्ञापन के अलावा समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य भी देना चाहते हों, उनसे निवेदन है कि वे समिति के विचारार्थ उस सम्बन्ध में लोक-सभा सचिवालय को सूचित कर दें।

3. सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967, लोक-सभा में पेश किये गये रूप में, दिनांक 22 मई, 1967, के भारत के असाधारण राजपत्र भाग II, खंड 2 में प्रकाशित हुआ था।

4. मौखिक साक्ष्य की सुनवाई के लिये समिति की बैठकें नई दिल्ली में बुधवार, 3 जुलाई, 1968 से होंगी।

नई दिल्ली;
दिनांक 17 मई, 1968
संख्या 16/3/सी ii/68 17 मई, 1968/27 वैशाख, 1890 (शक)

प्रति समाचार सम्पादक, आकाशवाणी, नई दिल्ली की जानकारी के लिये प्रेषित।
निवेदन है कि आकाशवाणी से लगातार तीन दिन इसको प्रसारित किया जाये।

मेहर चन्द चावला,
उप सचिव।

# अनुबन्ध दो

डाक प्रमाणित

लोक-सभा सचिवालय

संसद् भवन,
नई दिल्ली—1.

संख्या 16/3/सी II /68 17 मई, 1968/27 वैशाख, 1890 (शक)

प्रेषक

श्री मेहर चन्द चावला
उप-सचिव ।

सेवा में

सभी राज्य सरकारों / संघ राज्य-क्षेत्रों के मुख्य सचिव ।

विषय : सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 सम्बधी संयुक्त समिति ।

महोदय,

मुझे यह बताने का निदेश मिला है कि सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 सम्बन्धी संसद् की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति ने आज अपनी बैठक में निर्णय किया कि सभी राज्य सरकारों/ संघ राज्य-क्षेत्रों को पत्र लिखे जायें कि यदि वे चाहें तो समिति के विचारार्थ सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 के उपबधों के बारे में अपने टिप्पण अथवा सुझाव भेज दें जिससे कि वे अधिक से अधिक 30 जुन, 1968 तक इस सचिवालय में पहुंच जाये ?

2. सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967, लोक सभा में पेश किये गये रूप में, दिनांक 22 मई, 1967 के भारत के असाधारण राजपत्र भाग II, खंड 2 में प्रकाशित हुआ था ।

3. तथापि, विधेयक की एक प्रति देखने के लिये इस पत्र के साथ भेजी जा रही है ।

4. यदि कोई टिप्पण अथवा सुझाव भेजे जाय तो आपसे निवेदन है कि यदि सम्भव हो तो संयुक्त समिति के सदस्यों को देने के लिये उसकी 60 प्रतियां इस सचिवालय को भेजी जायें ।

भवदीय,
ह: मेहर चन्द चावला,
उप-सचिव ।

संलग्न पत्र : उपरोक्त

# अनुबन्ध ३

डाक प्रमाणित

## लोक-सभा सचिवालय

संसद् भवन,
नई दिल्ली-1

संख्या 16/3/सीii/68 — 17 मई, 1968/27 वैशाख, 1890 (शक)

प्रेषक

श्री मेहर चन्द चावला
उप सचिव।

सेवा में

विषय : सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 विषयक संयुक्त समिति।

महोदय,

मुझे यह बताने का निदेश मिला है कि सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 विषयक संसद् की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति ने अपनी दिनांक 17 मई, 1968 की बैठक में यह निश्चय किया है कि केंद्रीय तथा राज्यीय विधिज्ञ परिषदों और सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों की विधिज्ञ संस्थाओं, वाणिज्य और उद्योग मण्डलों तथा अखिल भारतीय प्रतिनिधि मजदूर संघों के संगठनों को यह लिखा जाये कि वे, यदि वे ऐसा चाहें तो, 30 जून, 1968 तक इस सचिवालय को समिति के विचार के लिये, सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 के उपबन्धों के सम्बन्ध में अपनी टिप्पणियां या सुझाव भेजें।

2. समिति ने यह भी निश्चय किया कि वे यदि चाहें तो, समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य भी दे सकते हैं।

3. समिति की बैठकें मौखिक साक्ष्य सुनने के लिये 3 से 6 जुलाई, 1968 तक नई दिल्ली में होंगी।

4. सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 लोक-सभा में पेश किये गये रूप में भारत के दिनांक 22 मई, 1967 के असाधारण राजपत्र, भाग II, खण्ड 2 में प्रकाशित हुआ था। फिर भी विधेयक की एक प्रति अवलोकनार्थ संलग्न है।

5. यदि कोई टिप्पणियां या सुझाव भेजे जायें, तो संयुक्त समिति के सदस्यों में परिचालन के लिये यदि उनकी 60 प्रतियां भेजी जायें तो अच्छा होगा।

6. समिति के समक्ष साक्ष्य देने के सम्बन्ध में आपके प्रतिनिधियों को कोई यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा।

7. कृपया इस पत्र की पावती भेजें।

भवदीय,
ह०. मेहर चन्द चावला,
उप-सचिव।

संलग्न पत्र: उपरोक्त

## दो

## दूसरी बैठक

समिति की बैठक बुधवार, 3 जुलाई, 1968 को 10-00 बजे से 13-10 बजे तक हुई :

### उपस्थित

श्री एम० एच० सैमुग्रल —पीठासीन

#### सदस्य

#### लोक-सभा

2. श्री रा० रा० सिंह देव
3. श्री ग्रनिरुद्ध दीपा
4. श्री श्रीचन्द गोयल
5. श्री ग्रार० एम० हजरनवीस
6. श्री एस० कण्डप्पन
7. श्री बृज भूषण लाल
8. श्री श्री निवासमिश्र
9. श्री ग्रमृत नहाटा
10. श्री मुहम्मद यूनस सलीम
11. श्री ग्र० त्रि० शर्मा
12. श्रीमती सावित्री श्याम
13. श्री एम० ग्रार० शर्मा
14. श्री नारायण स्वरूप शर्मा
15. श्री विश्वनारायण शास्त्री
16. श्री टी० एम० सेठ
17. श्री राम सेवक यादव

#### राज्य सभा

18. श्री एस० वी० बोबडे
19. श्री राम बहादुर सिंह
20. श्री वाई० ग्रधिनारायण रेड्डी
21. श्री कृष्ण कान्त
22. श्री एम० पी० शुक्ल
23. श्री हीरा वल्लभ त्रिपाठी
24. श्री बी० टी० केम्पराज
25. सरदार रघुबीर सिंह पंजहजारी
26. श्री एन० के० शेजवालकर
27. श्री डाह्याभाई वी० पटेल
28. श्री बालकृष्ण गुप्त
29. श्री सी० ग्रच्युत मेनन

## वैधानिक परामर्शदाता

1. श्री वी० एन० भाटिया——**सचिव, वैधानिक विभाग, विधि मंत्रालय**
2. श्री आर० वी० एस० पेरीशास्त्री, **वैधानिक उप परामर्शदाता, विधि मंत्रालय**
3. श्री एस० वी० सुब्बा राव, **अटैची, वैधानिक विभाग, विधि मंत्रालय**

## सचिवालय

श्री मेहर चन्द चावला ——**उप-सचिव।**

समिति के सभापति श्री अशोक कुमार सेन की अनुपस्थिति में, श्री एम० एच० सैम्युअल को नियम 258(3) के अधीन बैठक के लिये सभापति का कार्य करने के लिये चुना गया।

2. सभापति ने सदस्यों को सूचित किया कि सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 विषयक संयुक्त समिति की दिनांक 17 मई, 1968 को हुई पहली बैठक में किये गये निर्णयों के अनुसरण में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें सार्वजनिक निकायों, संगठनों और संस्थाओं से 30 जून, 1968 तक ज्ञापन आमंत्रित किये गये तथा सभी राज्यों/संघीय राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों, केन्द्रीय तथा राज्यीय विज्ञिज्ञ परिषदों, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की विज्ञिज्ञ संस्थाओं, वाणिज्य और उद्योग मण्डलों तथा अखिल भारतीय प्रतिनिधि मजदूर संघों के संगठनों को परिपत्र जारी किये गये जिनमें उनसे यह अनुरोध किया गया था कि वे दिनांक 30 जून, 1968 तक विधेयक के उपबन्धों के विषय में अपनी टिप्पणियां भेजें। उन परिपत्रों में यह भी कहा गया था कि वे, यदि चाहें तो, मौखिक साक्ष्य भी दें।

प्रेस विज्ञप्ति और पत्रों के उत्तर में निम्नलिखित संगठनों आदि से टिप्पणियां/ज्ञापन प्राप्त हुए और उन्हें संयुक्त समिति के सदस्यों में परिचालित किया गया :

(1) भारतीय उत्पाद संघ, कलकत्ता।
(2) सर्वोच्च न्यायालय विज्ञिज्ञ संस्था, नई दिल्ली।
(3) नाग विदर्भ वाणिज्य मण्डल, नागपुर।
(4) फैड्रेशन आफ आल इण्डिया फूड-ग्रेन डीलर्स एसोसियेशनस्, दिल्ली।
(5) विज्ञिज्ञ परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(6) दिल्ली-हिन्दुस्तानी मर्केनटाइल एसोसियेशन, दिल्ली।
(7) मैसूर सरकार।
(8) इनकार्परेटिड लॉ सोसाइटी आफ कलकत्ता।

सभापति ने बताया कि निम्नलिखित दलों को जो मौखिक साक्ष्य देना चाहते थे मौखिक साक्ष्य देने के लिए संयुक्त समिति के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया।

(1) भारतीय उत्पाद संघ, कलकत्ता।
(2) सर्वोच्च न्यायालय विज्ञिज्ञ संस्था, नई दिल्ली।
(3) फेड्रेशन आफ ऑल इण्डिया फूड-ग्रेन डीलर्स एसोसियेशनस्, दिल्ली।

पहली दो पार्टियां, 3 जुलाई को समिति के समक्ष पेश होंगी तथा तीसरी पार्टी 4 जुलाई 1968 को पेश होगी।

समिति ने अपनी पहली बैठक में यह भी इच्छा व्यक्त की थी कि विधि मंत्रालय को विधेयक से सम्बद्ध कुछ कागजात समिति को भेजने के लिये कहा जाये। तदनुसार, विधि मंत्रालय ने निम्नलिखित कागजात भेजे जिन्हें संयुक्त समिति के सदस्यों में परिचालित किया गया :

1. विधि आयोग की रिपोर्ट
2. भारत और इंगलैंड में दुष्कृति सम्बन्धी सरकारी दायित्व के क्षेत्र में हुई हाल की घटनाओं पर एक नोट।
3. एक नोट कि दुष्कृति में सरकार के दायित्व की वर्तमान स्थिति में सरकार का (दुष्कृति में दायित्व) विधेयक, 1967 से कितनी फेर-बदल होगी और विधेयक में विधि आयोग की सिफारिशों का किस सीमा तक समावेश नहीं होगा।
4. "दुष्कृति" अभिव्यक्ति के अभिप्रार्थ के विषय में एक नोट।

5. रुलिया राम के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फसले की एक प्रति ।

6. विद्यावती के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की एक प्रति ।

7. क्राउन प्रोसीडिंगस् एक्ट, 1947 की एक प्रति ।

3. सभापति ने यह भी बताया कि राजस्थान सरकार ने यह सुझाव दिया है कि विधेयक के महत्व को देखते हुये राज्य सरकार की टिप्पणियां भेजने की अन्तिम तिथि को 15 अगस्त, 1968 तक बढ़ा दिया जाये ताकि राज्य सरकार विधेयक की सूक्ष्म जांच कर सके। समिति ने विधेयक के सम्बन्ध में टिप्पणियां और ज्ञापन भेजने की तिथि को 14 अगस्त, 1968 तक बढ़ाने का निश्चय किया और यह इच्छा व्यक्त की कि प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सार्वजनिक निकायों, संगठनों, विधिज्ञ परिषदों, संस्थाओं आदि को तिथि बढ़ाने की सूचना दे दी जाये ।

4. समिति ने, जैसा कि सदस्यों को पहले ही बताया गया था, मौखिक साक्ष्य सुनने के लिये 3 और 4 जुलाई, 1968 को बैठने तथा संशोधनों की सूचना देने के लिये भावी कार्यक्रम निश्चित करने और विधेयक पर खण्डवार विचार करने के लिये 5 जुलाई, 1968 को बैठने और 6 जुलाई, 1968 के लिये निर्धारित बैठक को मन्सूख करने का भी निश्चय किया ।

5. सभापति ने सदस्यों को सूचित किया कि यदि समिति विधेयक के सभी चरणों पर पूरा विचार नहीं करेगी तथा चालू अन्तरिम सत्र की अवधि में अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप नहीं देगी तो उसको सदन के शीतकालीन सत्र तक समय बढ़ाने के लिये मांग करनी पड़ेगी क्योंकि प्रस्ताव के अनुसार रिपोर्ट पेश करने की अन्तिम तिथि अगले सत्र के पहले सप्ताह का अन्तिम दिन है । ज्ञापन की पावती की तिथि को 14 अगस्त, 1968 तक बढ़ा दिये जाने के कारण समिति ने अपनी रिपोर्ट सदन के शीतकालीन सत्र के अन्तिम दिन पेश करने के सम्बन्ध में समय बढ़ाने की मांग करने का निश्चय किया । उन्होंने सभापति को उसके लिये भी प्रधिकृत किया कि वह यह बात अध्यक्ष महोदय के ध्यान में लायें जैसा कि अध्यक्ष द्वारा दिये गये निदेशों के निदेश 79(2) के अन्तर्गत अवेक्षित हैं । उसने सभापति को और उनकी अनुपस्थिति में श्री श्रीचन्द गोयल को, अगले सत्र के प्रथम दिन अर्थात् 22 जुलाई, 1968 को समय बढ़ाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव सभा में पेश करने का अधिकार दे दिया ।

6. समिति ने यह इच्छा व्यक्त की कि विधि मंत्रालय समिति को 4 जुलाई, 1968 तक एक नोट दे जिसमें सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवा के दौरान या सेवा के बाहर जो दुष्कृतिपूर्ण कृत्य किये गये हैं उनका ब्यौरा हो ।

7. निम्नलिखित साक्षियों ने समिति के समक्ष साक्ष्य दिया । इनके द्वारा साक्ष्य दिये जाने से पहले सभापति ने अध्यक्ष के निदेशों के निदेश 58 की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया ।

1. श्री वी० एस अगरवाल
श्री आर० एस० शर्मा } भारतीय उत्पाद संघ, कलकत्ता के प्रतिनिधि ।

(10.15 बजे से 11.15 बजे तक)

2. श्री सरदार बहादुर सहारिया, सचिव सर्वोच्च न्यायालय विधिज्ञ संस्था, नई दिल्ली ।

(11.20 बजे से 13.09 बजे तक)

8. साक्ष्य का सविषय रिकार्ड रखा गया ।

9. इसके बाद समिति की बैठक बृहस्पतिवार, 4 जुलाई, 1968 को 10.00 बजे फिर बैठने के लिये उठ गई ।

---

3

## तीसरी बैठक

समिति की बैठक गुरुवार, 4 जुलाई, 1968 को 10.00 से 11.25 बजे तक हुई ।

### उपस्थित

श्री एम० एच० सैमुअल—पीठासीन

### सदस्य

#### लोक-सभा

2. श्री के अनिरुधन

